# भारत के गौरव को पुनर्स्थापित करेगी वैदिक घड़ी

## सीएम ने मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के अनावरण और उसके ऐप का किया लोकार्पण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 सितंबर. विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है, जो भारतीय परंपरा, वैदिक गणना और वैज्ञानिक दृष्टि का अद्भुत संगम है.**

यह भारत की सांस्कृतिक धुरी बनकर वैश्विक भाषाओं, परंपराओं, आस्था और धार्मिक कार्यों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी. विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के तैयार किये गये मोबाइल ऐप में 3179 विक्रम पूर्व, महाभारतकाल से लेकर 7 हजार से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहारों की दुर्लभ जानकारियां समाहित की गई हैं. सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया. इस दौरान उन्होंने घड़ी से संबंधित एप का लोकार्पण भी किया. ये घड़ी अपने आप में कई अजूबों को समेटे हुए हैं. उज्जैन में स्थापित होने के बाद ये उज्जैन के बाहर राजधानी भोपाल में स्थापित की गई है. इसमें धार्मिक कार्यों, व्रत और साधना के लिए 30 अलग-अलग शुभ मुहूर्तों की जानकारी एवं अलार्म की सुविधा भी है.




> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खगोलीय अध्ययन के लिए सूर्य से बनने वाली छाया के आधार पर सूर्य की गति की गणना की गई. उन्होंने बताया कि भारत का केन्द्र उज्जैन है और उज्जैन का केन्द्र वर्तमान में डोंगला में स्थित है. डोंगला का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से जुड़ता है. संभवत: डोंगला के इस महत्व से ही भगवान श्रीकृष्ण का आगमन हुआ था. पंचांग भारतीय कालगणना की शुद्धता और सटीकता का जीवंत उदाहरण हैं. पंचांग के विद्वान चंद्रग्रहण, सूर्यग्रहण, तिथि, नक्षत्र, वार, व्रत, त्यौहार और मुहूर्तों की जानकारी वर्तमान में भी त्वरित रूप से उपलब्ध कराते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैदिक घड़ी के ऐप के माध्यम से हम अपने मोबाइल में वैदिक घड़ी का संचालन कर सकते हैं.



## बी. एल संतोष ने सदस्यों के साथ की बैठक

**भोपाल.** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल संतोष ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश टोली के सदस्यों के साथ बैठक कर सेवा पखवाड़ा सहित आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के संबन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किया. बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद उपस्थित रहे.

### एक नजर में

#### लूटे गए 14 किलो 875 ग्राम सोना में से 3 किलो जप्त

**जबलपुर.** खितौला स्थित इसाफ स्माल फाइनेंस बैंक में 11 अगस्त को डकैती डालकर 14 किलो 875 ग्राम सोना और 5, लाख 8 हजार रूपए लूटकर ले जाने के मामले में पुलिस ने डकैत राजेश दास उर्फ आकाश दास 38 वर्ष, निवासी गया, बिहार, सदस्य इंद्रजीत दास उर्फ सागर दास 26 वर्ष, निवासी गया, बिहार को पकड़ लिया है.उनसे 3 किलो सोना और 50 हजार रुपए नगद जप्त किए. पकडा गया आरोपी राजेश दास उर्फ आकाश दास एक दुर्दांत अपराधी है जिसने बिहार के जिला गया, सासाराम, जमुई, पुरुलिया रोहतास, गिरडी, छत्तीसगढ़ के जिला रायगढ़ के बैंक में लूट, डकैती के 12 अपराध पंजीबद्ध है.

#### हादसे : प्रशासन सतर्क, 200 मवेशी को पकड़ा

**बैतूल.** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के बगड़ोना क्षेत्र में ट्राले की चपेट में आने से 10 मवेशियों की मौत के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए आवारा मवेशियों पर धरपकड़ अभियान शुरू कर दिया है. नगर पालिका ने बीते एक सप्ताह में करीब 200 मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा है. नगर पालिका सीएमओ सतीश मटसेनियां ने बताया कि मवेशियों को खुला छोड़ने पर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा. इसके अलावा हर दिन के हिसाब से 200 रुपए चारे का शुल्क भी वसूला जाएगा. उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि मवेशियों को बांधकर रखें.

# जीतू पटवारी की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल,01 सितंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हो रहे लगातार हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की है.**

31 अगस्त को रतलाम में आयोजित वोट चोर - गद्दी छोड़ रैली के दौरान हुए पथराव को कांग्रेस ने भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों की करतूत बताया और इसे जानलेवा हमला करार दिया. सोमवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मीडिया विभाग अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश नायक के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक से मिला और ज्ञापन सौंपकर पटवारी की सुरक्षा तत्काल प्रभाव से बढ़ाने की मांग की. इस मौके पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, जे.पी. धनोपिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल, युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे.



> कांग्रेस नेताओं का कहना था कि भाजपा प्रायोजित हमले यह साबित करते हैं कि सत्तारूढ़ दल लोकतांत्रिक विरोध की आवाज से भयभीत है और विपक्ष के शीर्ष नेताओं की आवाज दबाने के लिए हिंसा का सहारा ले रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पटवारी की सुरक्षा में ढिलाई बरती गई तो इसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और प्रशासन की होगी. ज्ञापन में कहा गया कि जीतू पटवारी पर हमले एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा हैं और विपक्षी नेताओं को सुरक्षा न देना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है.

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की प्राथमिकता

**भोपाल, 1 सितम्बर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और चिकित्सा शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है.**

उन्होंने मंत्रालय में चिकित्सकीय मैनपॉवर भर्ती, अधोसंरचना विकास कार्यों और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं ताकि जनता को समय पर सुविधाएं और युवाओं को रोजगार व शिक्षा के अवसर मिल सकें. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती, उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं और मानदेय पर चर्चा की. उन्होंने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती नियमों में संशोधन की प्रक्रिया की समीक्षा की और कहा कि 15 सितम्बर तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र नियुक्तियां सुनिश्चित की जाएं. उन्होंने एएनएम काउंसलिंग, फार्मासिस्ट परीक्षा और हॉस्पिटल असिस्टेंट भर्ती की स्थिति जानी तथा समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए. चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आउटसोर्सिंग से एफआरयू संचालन की समीक्षा करते हुए कहा कि मरीजों को मानक अनुरूप सुविधाएं दी जाएं.



> शुक्ल ने धार, बैतूल, कटनी और पन्ना में पीपीपी मोड से मेडिकल कॉलेज स्थापना की प्रगति पर चर्चा की. अधिकारियों को भूमि आवंटन और अन्य सहयोग समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य समयसीमा में पूरे हों ताकि नए सत्र शीघ्र प्रारंभ हो सकें और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें. नर्सिंग कॉलेज निर्माण कार्यों की भी समीक्षा कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी तथा सीईओ आयुष्मान मध्यप्रदेश डॉ. योगेश भरसट उपस्थित रहे.

# हेमंत खंडेलवाल ने दी होर्डिंग्स कल्चर से बचने की नसीहत

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 सितंबर. भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने राजनीति में बढ़ते होर्डिंग्स, बैनर कल्चर को लेकर अपने जन्मदिन के बहाने नसीहत दी है.**

खंडेलवाल ने एक्स पर पोस्ट किया है और कार्यकर्ताओं ने अपने जन्मदिन पर होर्डिंग्स, बैनर या निजी प्रचार माध्यम से शुभकामनाएं नहीं देने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि आपका स्नेह और संगठन के प्रति समर्पण ही मेरे लिये सबसे बड़ा उपहार है. आप सभी के आशीर्वाद और निरंतर समर्थन के लिये हृदय से कृतज्ञ हूं. यहां बता दें कि खंडेलवाल का 3 सितंबर को जन्मदिन है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद ये उनका पहला जन्मदिन है. ऐसे में प्रदेशभर में नेता और कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ आत्मीय संबंध दिखाने के लिये बड़े से लेकर छोटे शहरों तक होर्डिंग्स और बैनर लगा सकते थे. इससे पहले कि ऐसे नेताओं और कार्यकर्ताओं की मंशा परवान चढ़े, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इस तरह के कल्चर से स्वयं ही दूरी बना ली और कार्यकर्ताओं के साथ ही नेताओं को भी नसीहत दे दी कि वे भी इस तरह के चलन से दूर रहें. सामान्य तौर पर राजधानी में ही यहां के विधायकों द्वारा भी अपने समर्थकों से बड़ी संख्या में पोस्टर, बैगर और होर्डिंग्स लगवाये जाते हैं, जिससे कि वे साबित कर सकें कि वे कितने लोकप्रिय है.

# आम श्रद्धालुओं का गर्भगृह में प्रवेश बंद

## व्यवस्था तय करने का अधिकार कलेक्टर के पास

**उज्जैन,01 सितम्बर .महा कालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में आम भक्त अब भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा कि गर्भगृह में किसे अनुमति दी जाए और किसे नहीं, यह निर्णय लेने का अधिकार जिला कलेक्टर के पास ही रहेगा.**

कोर्ट ने वर्तमान व्यवस्था को सही ठहराते हुए कहा कि फिलहाल यथास्थिति बनी रहेगी. गौरतलब है कि इंदौर निवासी दर्पण अवस्थी ने वकील चर्चित शास्त्री के जरिए जनहित याचिका दाखिल की थी. याचिका में तर्क दिया गया था कि आम श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश से वंचित किया जाता है, जबकि प्रभावशाली और वीआईपी व्यक्तियों को विशेष अनुमति मिल जाती है. इसे भेदभावपूर्ण बताया गया था. हाईकोर्ट ने दलीलों पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रखा और सोमवार फैसला सुना दिया है.



### कलेक्टर बोले , आदेश का अध्ययन करेंगे

इस याचिका में महाकाल मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन कलेक्टर और एसपी प्रदीप शर्मा को भी पक्षकार बनाया गया है. उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के बारे में जानकारी मिली है ,उक्त आदेश का अध्ययन करने के बाद ही कुछ कहा जाएगा, वैसे जो दर्शन की प्रक्रिया चल रही है, वैसे ही चलती रहेगी बाबा महाकाल के निर्बाध दर्शन सभी को हो यही जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर प्रबंध समिति का प्रयास है.



# टीकमगढ़ में फैक्ट्री लगाकर बन रहे थे अवैध हथियार

**टीकमगढ़. भोपाल क्राइम ब्रांच ने टीकमगढ़ के जतारा में दादा, बेटा और नाबालिग पोते द्वारा संचालित दो अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा किया.**

फैक्ट्री दूरस्थ वेयरहाउस में लगाई गई थी, आरोपी सुरेंद्र और परिवार ने हथियारों का निर्माण स्थानीय स्तर पर करते हुए प्रदेश के बाहर, विशेषकर उत्तर प्रदेश में सप्लाई की. टीम ने फैक्ट्री से लेथ, वेल्डिंग, ड्रिल मशीनें, देसी पिस्टल और तीन अधूरी पिस्टल सहित कई कलपुर्जे जब्त किए. क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि कुछ शातिर अपराधी वाहन चोरी एवं अवैध हथियारों से जुड़े हुए हैं और निशातपुरा क्षेत्र में निवास कर रहे हैं. सूचना के आधार पर टीम ने दबिश दी और तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया. इनके कब्जे से तीन वाहन बरामद किए गए, जिन्हें हनुमानगंज थाने के सुपुर्द किया गया. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मुख्तार खान हथियारों की अवैध सप्लाई में शामिल है. उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से पिस्टल बरामद हुई.

# मौसम : कभी तेज़ धूप, तो कभी तेज़ बारिश

## भोपाल सहित कई जिलों में झमाझम बारिश, आज भी आसार

**भोपाल, 1 सितम्बर. राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में सोमवार को झमाझम बारिश हुई, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई. मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के असर से आज पूरे प्रदेश में बारिश के आसार हैं.**

सिहोर, राजगढ़, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर और नीमच जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा हो सकती है. अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में भी वर्षा के आसार हैं. वहीं पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है.



> **ग्वालियर-चंबल व नर्मदांचल क्षेत्र प्रभावित**
>
> भोपाल, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और श्योपुरकलां में भी वर्षा की संभावना जताई गई है. बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कहीं-कहीं तेज हवा और बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं.

रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली और मऊगंज सहित विंध्य क्षेत्र में भी बादल छाए रहेंगे और कई स्थानों पर बौछारें पड़ सकती हैं.

# किसानों को समय से शून्य फीसदी ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराएं

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 सितंबर. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को अपेक्स बैंक, भोपाल में मप्र राज्य सहकारी बैंक की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की.**

इस दौरान उन्होंने नियुक्तियों, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की वित्तीय स्थिति, खरीफ 2025-26 में अल्पावधि फसल ऋण वितरण, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को मजबूत आर्थिक आधार देने के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीफ 2025-26 के लिए समय पर अल्पावधि फसल ऋण वितरण सुनिश्चित हो.





पुनर्वास | वन संरक्षण का मॉडल बनेगी यह पहल

# बारहसिंगा को प्राकृतिक आवास में स्थापित करने का प्रयास

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 सितंबर. प्रदेश में स्वैम्प डियर यानी बारहसिंगा सहित कई प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए पुनर्वास एवं पुनर्प्रवेश कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. वैज्ञानिक पद्धति से इन प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास में पुन: स्थापित करने का प्रयास हो रहा है.**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिये रीवाइल्डिंग की अभिनव पहल की गई है. रीवाइल्डिंग का उद्देश्य वाइल्डलाइफ इकोलॉजी को संतुलित कर लुप्त होती प्रजातियों को पुनर्जीवित करना, संकटग्रस्त प्रजातियों का संरक्षण करना और जैव विविधता को बढ़ावा देना है. प्रदेश में की गई यह पहल अन्य राज्यों के लिए वन संरक्षण का मॉडल बनेगी. रीवाइल्डिंग का अर्थ है प्रकृति को उसकी मूल अवस्था में लौटाना. इसके लिये जंगलों में उन प्रजातियों को पुन: बसाया जाता है, जिनके बिना पारिस्थितिकी तंत्र अधूरा है. इसमें शिकारी प्रजातियों और शिकार प्रजातियों को शामिल किया जाता है. माना जाता है कि इन प्रजातियों के बिना जंगल का आहार-संतुलन बिगड़ता है और नेचुरल लाइफ साइकिल टूट जाती है. 'टाइगर स्टेट' कहलाने वाला मध्यप्रदेश जैव विविधता से समृद्ध है. इसके बावजूद कई प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं. प्रदेश के वनों में बारहसिंगा की संख्या लगातार घट रही है. साथ ही बाघ और तेंदुए का संतुलन भी प्रभावित हुआ है. विलुप्त होती प्रजातियों को समय रहते पुनर्स्थापित कर जंगलों के साथ प्राकृतिक संतुलन को बनाये रखा जा सकता है. वन विभाग ने रीवाइल्डिंग को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना बनाई है. स्वैम्प डियर और अन्य प्रजातियों को पुन: प्राकृतिक आवास में बसाया जाएगा. केवल किसी एक जानवर पर नहीं, बल्कि पूरे जंगल में घास-भूमि और नदी के परिदृश्य पर ध्यान देकर जानवरों को बसाया जाएगा. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण , वन अनुसंधान संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भी रीवाइल्डिंग के इस मिशन में सहयोग कर रहे हैं.

> राज्य सरकार की यह पहल राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है. अब तक वन संरक्षण की नीतियां एक प्रजाति तक सीमित रहती थीं, किंतु रीवाइल्डिंग का फोकस पूरी तरह वाइल्डलाइफ इकोलॉजी पर है. यह प्रक्रिया देश के अन्य राज्यों में भी इकोलॉजी संतुलन के लिए मॉडल बन सकती है. प्रदेश में रीवाइल्डिंग का प्रयास इस बात का संकेत है कि सरकार और समाज के प्रयास अब वन और वन्यजीव संरक्षण से आगे जा कर प्रकृति को उसकी मूल अवस्था में लौटाने की ओर अग्रसर हैं. इस पहल से मध्यप्रदेश वन्य जीवन संरक्षण में अग्रणी राज्य बनेगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14